Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 22-08-2006
Participants : Gadhavi Shri Pushpdan Shambhudan,Rana Shri Kashi Ram

an>

Title : Regarding damages caused due to heavy flood in Surat, Gujarat.

श्री काशीराम राणा (सूरत) : अध्यक्ष जी, बाढ़ से पूरा सूरत शहर तबाह हो चुका है। यह वह सूरत है जो सेंट्रल गवर्नमेंट को 7-8 हजार करोड़ रुपये का रैवेन्यू कस्टम, एक्साइज और इन्कम-टैक्स के रूप में देता है। वहां की पूरी इंडस्ट्रीज खत्म हो चुकी हैं, मकान गिर चुके हैं और हजारों की संख्या में पशु मारे जा चुके हैं। इतनी बड़ी तबाही सूरत शहर की हो चुकी है कि वह आने वाले 10 वर्षों तक भी अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो सकेगा। सूरत शहर के अलावा, जैसा माननीय मधुसूदन जी ने कहा कि राज्य का बहुत बड़ा भाग पानी की वजह से तबाह हो चुका है। मेरा केन्द्रीय सरकार के अनुरोध है कि इन हालातों में केन्द्र सरकार ने सूरत शहर को मदद करने के लिए जो 500 करोड़ रुपये की घोाणा की है वह बहुत कम है। राज्य के चीफ-मिनिस्टर ने 25 हजार करोड़ रुपये की सहायता के लिए एक मैमोरेंडम केन्द्रीय सरकार को भेजा है। मैं चाहूंगा कि जिस तरह से केन्द्र सरकार ने कच्छ में भूकम्प के समय सहायता की थी, उसी प्रकार से सूरत शहर को फिर से अपने कदमों पर खड़ा होने के लिए, 25 हजार करोड़ की मांग को पूरा करे। गुजरात की पूरी की पूरी फसल बर्बाद हो चुकी है, किसान बर्बाद हो चुके हैं। इतनी बड़ी बर्बादी इससे पहले गुजरात में देखी नहीं गयी है। इसलिए मेरी विनती है कि इस बर्बादी में से सूरत शहर और गुजरात को बाहर लाने के लिए जल्दी से जल्दी सहायता करें। धन्यवाद।

MR. SPEAKER: Shri P.S. Gadhavi is allowed to associate with this matter.

Now, Shri P. Karunakaran.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Now, I think, I have to get rid of some Members. Some Members have to go outside. Then, probably some effect will be there.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Will you sit down?

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Ramdas Athawale, not one word is being recorded. Please go to your seat and wait for my permission.

*(Interruptions)**

MR. SPEAKER: Now, Shri P. Karunakaran.